मेट्रो व सिटी बस के लिए एक ही स्मार्ट कार्ड जल्द

नोएडा (एसएनबी)। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की सिटी फीडर बस सेवा व एक्वा लाइन मेट्रो के लिए जल्द ही एक ही स्मार्ट कार्ड लागू कर दिया जाएगा। इसके लिए एनएमआरसी की ओर से ट्रायल किया जा रहा है। एक स्मार्ट कार्ड होने के बाद यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। अभी फीडर बस के लिए अलग टिकट व मेट्रो के लिए अलग टोकन लेना होता है। हालांकि एनएमआरसी का दावा था कि मेट्रो सेवा शुरू होने के बाद ऐसा कॉमन स्मार्ट कार्ड जारी किया जाएगा जो फीडर बसों के साथ ही डीएमआरसी मेट्रो में भी चलेगा लेकिन ऐसा सम्भव नहीं हो पाया।

एनएमआरसी की ओर से ट्रायल शुरू

एनएमआरसी अधिकारियों के अनुसार एक ऐसा स्मार्ट कार्ड लागू करने की योजना पर काम किया जा रहा जो नोएडाग्रेटर नोएडा मेट्रो सेवा व एनएमआरसी की फीडर बसों में चल सकेगा। इस स्मार्ट कार्ड के लागू हो जाने के बाद अलग-अलग टिकट लेने के झंझट से मुक्ति मिल जाएगी। एनएमआरसी के मुताबिक इस स्मार्ट कार्ड का ट्रायल चल रहा है। बृहस्पतिवार को हुई समीक्षा बैठक में बताया गया कि इंटिग्रेटेड टिकटिंग सिस्टम के तहत यह स्मार्ट कार्ड जारी किए जाएंगे।

फीडर बसों में राइडरशिप का रिकार्ड : मेट्रो स्टेशनों व सेक्टरों के बीच चलाई जा रही एनएमआरसी की फीडर बस सेवा ने सोमवार को राइडरशिप का रिकार्ड बनाया। एक दिन में सबसे ज्यादा 11797 यात्रियों ने फीडर बसों में सफर किया जो अब तक का रिकार्ड है। इस वजह से एनएमआरसी की सिटी बस सेवा का राजस्व भी अपने रिकार्ड स्तर पर पहुंचा। इस दिन राजस्व के रूप में एनएमआरसी को 4 लाख 30 हजार 307 रुपए प्राप्त हुए। एनएमआरसी के आंकड़ों के मुताबिक फीडर बस सेवा की औसत राइडरशिप प्रतिदिन 10 हजार यात्री है। मौजूदा वक्त में एनएमआरसी की 50 बसें 11 फीडर रूटों पर चलाई जा रही हैं।